D. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan K

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

anaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaa

न्यायालय-शब्द-कोश

(अंगरेज़ी से हिन्दी)

प्रकाशक
हिन्दी-सभा, सीतापुर-(संयुक्तप्रान्त)

naji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gya

फ़रवरी १९४८
सर्वाधिकार सुरक्षित
मूल्य २)

मुद्रक
रामा प्रिंटिंग प्रेस, सीतापुर

anaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaa

भूमिका

न्यायालयों की भाषा का इतिहास बड़ा मनोरंजक है। प्राचीन काल की बात जाने दीजिये, उसके लिये न तो हमारे पास स्थान है और न उपयुक्त अवसर। परन्तु हमारे कितने ही पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि तेरहवीं से अठारहवीं शताब्दी तक—जब न्यायालय की वैधानिक भाषा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्षरूप से फ़ारसी थी—तब भी इस देश के न्यायालयों का अधिकांश काम स्थानीय भाषा तथा लिपि में होता था। फ़ारसी का व्यवहार शाही दरबारों तथा क़ाज़ियों के न्यायालयों तक ही सीमित था।

अंगरेज़ी शासन के प्रभात काल में हिन्दी तथा नागरी का कोई विरोध न था। उन्नीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में जहां जहां कंपनी का राज्य था, वहां आदेश दिया गया था कि सब विधानों का अनुवाद फ़ारसी तथा 'हिंदवी' में किया जाय। फ़ारसी का पल्ला अंगरेज़ दिल्ली के वैध उत्तराधिकारी बनने के लिये पकड़े थे, नहीं तो उसकी नींव उस समय हिल चुकी थी। अवध के दरबार की सरकारी भाषा उर्दू थी, पर जनता की भाषा हिंदी और लिपि नागरी थी, और उसकी अवहेलना कठिन थी। फ़ारसी का प्रचार कुछ विद्वानों तक ही सीमित था।

जिस समय का संकेत हमने ऊपर किया है, उस समय साधारण अंगरेज़ हिन्दी तथा नागरी से बिलकुल अपरिचित था। इसका सबसे बड़ा कारण यह था, कि उसका अधिकांश काम सरकारी अफ़सरों तथा ख़ानसामों से रहता था, जो उर्दू

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

भाषी थे। फिरभी हिंदी और नागरी के महत्व से वह अपरिचित न था।

सन् १८००—१८०४ के चार वर्ष प्रस्तुत विषय के इतिहास में बड़े महत्वपूर्ण समझे जांयगे। इसी बीच फ़ोर्ट विलियम कालेज में वहां के हिंदी 'अध्यापक' मिस्टर गिलक्रिस्ट द्वारा हिंदी तथा नागरी के गले पर छुरी फेरी गई। निश्चय किया गया कि अनुवाद कियेगए विधानों की भाषा गंवारी है, और उसके स्थान पर फ़ारसी-प्रधान उर्दू का व्यवहार होना चाहिये।

देश की भाषा–विशेषकर न्यायालयों की भाषा–नीति स्थिर होने में समय लगा। १८३५ में लार्ड मैकाले के परामर्श से लार्ड बेंटिंक ने उच्च शिक्षा का माध्यम अंगरेज़ी स्थिर किया, और १८३७ तक फ़ारसी को हटाकर, तथा हिंदी का अधिकार छीनकर, निश्चित रूपसे उर्दू भाषा तथा फ़ारसी लिपि को अपने वर्तमान् सिंहासन पर स्थापित किया। १८४० तक हिंदी तथा नागरी का सरकारी व्यवहार लुप्तप्राय होगया तथा आगरा गवर्नमेंट गज़ट तक अंगरेज़ी और उर्दू में प्रकाशित होने लगा।

इस घोर अन्याय का प्रतिवाद न हुआ हो, यह बात नहीं है। सर सी० ई० ट्रेवेलियन तथा अन्य लोगों ने अपना विरोध प्रकट करते हुए न्यायालयों तथा सरकारी विज्ञप्तियों की भाषा की दुरूहता पर कड़ी टीकाटिप्पणी की तथा जन-साधारण की लिपि के त्याग की घोर निन्दा की। संभवतः इसी अंदोलन के फलस्वरूप १८५२ में एक सरकारी विज्ञप्ति द्वारा नम्बरदारों और पटवारियों को नागरी सीखने की आज्ञा

anaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaa

दीगई, तथा १८५४ में व्यवहृत भाषा को सरल बनाने का आदेश हुआ। परन्तु सरकारी भाषा के निर्माण का काम इस बीच ऐसे हाथों में जा चुका था, कि इन आज्ञाओं का कुछ फल न निकला।

इस सम्बन्ध में श्री चन्द्रवली पाण्डे द्वारा 'दास्ताने तारीख़ उर्दू' से लिया हुआ एक उद्धरण पढ़िये—

"क़ानून इनकमटैक्स का तरजुमा सिपुर्द हुआ, तो उसमें बा० शिवप्रसाद, इन्स्पेक्टर मदारिस, भी शरीक होगए। मौलाना खुद ही तरजुमा करना चाहते थे, लेकिन बाबू साहब के मातहत थे। और कुछ न करसके तो उनको परेशान करना शुरू किया। बाबू साहब तरजुमा बोलते। यह लिखते। दरमियान में उन्होंने पूछा 'लिख चुके?' मौलाना ने यह लफ़्ज भी लिख लिया। उन्हों ने पढ़वा कर सुना तो यह लफ़्ज भी पढ़कर सुना दिया। वह ख़फ़ा हुए, और कहा- 'यह दाख़िल गुस्ताख़ी है'। उन्हों ने यह फ़िक़रा भी दर्ज कर दिया। आख़िर इन्स्पेक्टर साहब आजिज़ आगए।"

अन्त में मौलवी नज़ीर अहमद, तत्कालीन शिक्षाविभाग के डाइरेक्टर मि० कमसन, तथा ले० गवर्नर सर विलियम म्योर, के सहयोग से हमारी विधान-पुस्तकों की यह भाषा बनी, जिसके शब्द, पं० चन्द्रवली पाण्डे के कथनानुसार, "अरब, ईरान अथवा तूरान में भी नहीं बोले जाते।" बाबू शिवप्रसाद सितारेहिन्द ने इस भाषा का बड़ा विरोध किया। स्व० पं० मदनमोहन मालवीय तथा काशीनागरीप्रचारिणी सभा ने घोर आंदोलन किया। फलतः सन् १९०० में न्यायालयों में नागरी को अपना स्थान तो वापस मिला, परंतु

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

एक शताब्दी में उर्दू के पैर इतने जम चुके थे, तथा मुंशियों और वकीलों को स्वार्थ के आगे मातृभाषा की इतनी कम चिन्ता थी, कि फल कुछ भी न निकला। कुछ जानने वालों का तो यह विश्वास है कि वकील और मुंशी जानबूझ कर न्यायालयों की भाषा क्लिष्ट रखना चाहते थे, जिसमें साधारण जनता का काम उनके बिना चल न सके।

पिछली अर्द्ध शताब्दी में इन प्रान्तों में एक बड़ी विचित्र परिस्थिति पैदा होगई थी। स्कूलों में तीनचौथाई लड़के तथा ९५ प्रतिशति लड़कियां हिन्दी पढ़ती थीं। हिन्दी का पत्र तथा पुस्तक-प्रकाशन उर्दू से कई गुना था। हिन्दी का प्रचार संयुक्तप्रान्त, बिहार, मध्यप्रान्त, राजपूताना तथा मध्य-भारत में तो था ही, पंजाब, सिंध, सीमाप्रान्त तथा काश्मीर तक अबाधरूप से फैल रहा था। गांधी जी के प्रयत्न से दक्षिणभारत में हिन्दी तथा नागरी जानने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही थी। कलकत्ता, बंबई जैसे अहिन्दीभाषी नगर हिन्दी के बड़े बड़े केन्द्र बन चुके थे। फिरभी हिन्दी के लिये न्यायालयों में स्थान नहीं था। लड़का पाठशाला में हिन्दी पढ़ता था, पर उसे ज्ञात था कि यह भाषा तथा लिपि भावी जीवन संघर्ष में उसके किसी काम न आवेगी!

काशी नागरी प्रचारिणी सभा तथा हिंदी-साहित्य-सम्मेलन ने न्यायालयों में हिन्दी का व्यवहार बढ़ाने का सरतोड़ प्रयत्न किया परंतु कोई फल न निकला। उस समय की गवर्नमेन्ट को दोष देना व्यर्थ है। बीच बीच में सुनने में आता था कि अमुक जज, मुन्सिफ़ अथवा डिप्टी कलेक्टर ने हिंदी का प्रार्थनापत्र लेने से इनकार कर दिया। हमने यह भी सुना है

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

कि थोड़े ही दिन पूर्व मुरादाबाद पुलिस ट्रेनिंग स्कूल के तीन चार विद्यार्थी केवल इसी बात पर निकाल दियेगए थे कि उन्होंने परीक्षा-प्रश्नों के उत्तर नागरी लिपि में लिखे थे। फिरभी, यह मानना पड़ेगा कि अधिकारियों की ओर से कोई प्रकट विरोध नहीं था। सबसे बड़ा दोष तो वकीलों तथा मुंशियों का था। पुराने वकील अपनी लीक छोड़ना नहीं चाहते थे और धनहानि की आशंका से नए वकील साहस नहीं करते थे।

अगस्त १९४७ से देश का राजनीतिक वातावरण इकदम बदलगया। संयुक्तप्रान्त की सरकार ने हिन्दीभाषा तथा नागरी लिपि को प्रान्त की भाषा तथा लिपि स्वीकार कर लिया, तथा पूर्ण आशा है कि भारत की विधान-परिषद् भी ऐसाही निश्चय करेगी।

पूरे डेढ़ सौ वर्षबाद, परिस्थिति का परिवर्तन इतना अकस्मात् हुआ, कि हिंदी-प्रेमी तथा इसके कर्त्ताधर्त्ता भी किंकर्त्तव्य विमूढ़ होगए। संयुक्तप्रान्त की सरकार ने घोषणा करदी है कि मार्च १९४८ से प्रान्त का सारा सरकारी काम हिंदी तथा नागरी में होगा, परंतु हिंदी के शब्दभांडार में उपयुक्त शब्दों का अभाव है। पिछले कुछ वर्षों में कई विद्वानों ने न्यायालय के व्यवहृत शब्दों के पर्याय लिखे थे, परंतु उस समय यह काम व्यर्थ का परिश्रम समझा जाताथा और लोगों ने पर्याय-शब्द के स्थानपर विवरणात्मक अर्थ मात्र लिखा। इसी अभाव की पूर्ति के लिये सीतापुर की हिंदीसभा ने प्रस्तुत प्रयत्न किया है। इसकाम में कहां तक सफलता मिली है, यह तो समय ही बतलावेगा

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

समयाभाव से हम जितना करना चाहते थे, उसका एक अंश भी नहीं करसके। फिरभी हमने उचित समझा कि जो कुछ अबतक हुआ है उसे जनता के सामने रखदें, और आगे के लिए काम चालू रक्खें।

प्रस्तुत कोश में न्यायालयों में काम आने वाले अंगरेज़ी शब्दों और वाक्यों के हिंदी पर्याय दियेगए हैं। हमारे कुछ मित्रों का कहना था इनसे वकील तथा बड़े अफ़सर तो लाभ उठा सकेंगे, पर अंगरेज़ी न जानने वाले मुहर्रिरों तथा अन्य छोटे कर्मचारियों का कोई भला न होगा। यह संभव था कि अंगरेज़ी शब्द के बाद उर्दू पर्याय देकर तब हिन्दी पर्याय दिया जाता। पर ऐसा करने से उर्दू शब्द अकारादि क्रम में न होते, तथा उन्हें ढूँढ़ने में जो कठिनाई पड़ती, उससे उनकी उपयोगिता कम होजाती। इसी लिये यह विचार स्थगित कर दिया गया। यदि आवश्यकता देखीगई तो एक उर्दू-हिन्दी कोष शीघ्र ही प्रकाशित किया जायगा।

इस कोश का रूप स्थिर करने में कई बातों पर विचार करना पड़ा। कई मित्रों का मत था कि प्रचलित शब्दों का रूप बदलने की आवश्यकता नहीं है। कमसे कम, 'अपील', 'डिगरी' जैसे शब्द इतने चलगये हैं कि इनके पर्याय इनसे क्लिष्ट होंगे। बहुत सोच विचार के बाद हमें यह मत ठीक न जंचा। हमारी राय अन्त में यही रही कि पर्याय होना चाहिये, और संस्कृतमूलक होना चाहिये। 'अपील' और 'डिक्री' जैसे शब्द ज्यों के त्यों रखदेना यों तो ठीक जान पड़ता है, पर जब इनसे 'अपीलांट', 'ऐपेलेट', 'डिक्रिटल' इत्यादि शब्द बनेंगे, तब कुछ करते धरते न बनपड़ेगा।

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

एक विचारणीय मत उन लोगों का भी है जो सरल अथवा ठेठ पर्याय चाहते हैं। १९४२ के पहले वाली कांग्रेसी सरकार ने 'झगड़ू' जैसे शब्दों का व्यवहार प्रारंभ किया था, परंतु हमारे मत से ये शब्द असुन्दर हैं, तथा इनको मानकर हम अहिन्दीभाषी प्रान्तों से दूर होजाते हैं।

हम चाहते थे कि जहां तक संभव हो प्रत्येक शब्द का प्राचीन रूढ़ि पर्याय ढूँढा जाय। इसके लिए हमें मनुस्मृति, याज्ञवल्क्य स्मृति, मुद्राराक्षस, कौटिल्य-अर्थशास्त्र, जातक, कथासरित्सागर इत्यादि ढूँढने पड़े। परंतु उस समय का न्याय इतना जटिल न था, और बहुत थोड़े शब्द मिले। रिक्थ, दाय, उत्तमर्ण, अधमर्ण इत्यादि हमने ग्रहण किये हैं। संभव है कि संस्कृत के बड़े बड़े विद्वान् आगे चलकर और भी शब्द ढूँढ सकें। हमारा यह भी विचार था जहां संस्कृत अथवा हिन्दी का उपयुक्त रूढ़ि शब्द न मिले वहां बंगला, मराठी, गुजराती अथवा अन्य भारतीय भाषाओं का शब्द रक्खा जाय। पर इसके लिए भी जितने समय तथा बहुभाषा-ज्ञान की अवश्यकता थी वह हममें न था। यत्र तत्र हमने ऐसा किया है। उदाहरणार्थ Procession शब्द के लिए हमें उपयुक्त हिन्दी शब्द न मिलता था। बंगला में इसके लिये 'शोभायात्रा' व्यवहृत होता है। हमने उसे ग्रहण कर लिया है।

न्यायालय-व्यवहृत शब्दों के पर्याय बनाने में एक कठिनता यह पड़ती है कि कभी कभी मूल अंगरेज़ी शब्द तथा उसके वैधानिक अर्थ में बहुत अन्तर होता है। ऐसी दशा में वैधानिक अर्थ व्यक्त करने का प्रयत्न किया गया है, यद्यपि

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

ऐसा करने में पर्याय बहुत बड़ा होगया है। हमारा विश्वास है कि कल्पित पर्याय का एक खण्ड-मात्र भविष्य में प्रचलित होकर मूल शब्द का काम देगा।

हमारे कुछ अलोचकों ने कहा कि पर्याय बहुत क्लिष्ट हैं तथा पूर्ण अर्थ व्यक्त नहीं करते। उत्तर में कहा जासकता है मूल अंगरेज़ी तथा उर्दू शब्द इनभाषाओं की जानकारी न रखने वालों के लिए पर्याय से अधिक क्लिष्ट भी हैं, और पूर्ण अर्थ भी व्यक्त नहीं करते। इन्हीं अलोचकों की यह भी आपत्ति है इन पर्यायों के प्रयोग में पुराने वकीलों, मुहर्रिरों तथा सरकारी अफ़सरों को बड़ी कठिनता पड़ेगी। हमने उनसे सविनय निवेदन किया कि पुराने वकीलों, मुहर्रिरों तथा सरकारी अफ़सरों ने अपने कार्यकाल में हिन्दी का कोई ऐसा उपकार नहीं किया कि वे कुछ बदले की आशा करें। हां नए वकीलों, मुहर्रिरों तथा सरकारी अफ़सरों में से अधिकांश हिन्दीभाषी हैं, और उन्हें कोई कठिनाई नहीं पड़ेगी।

अपने काम में हमने कितनी ही पुस्तकों से सहायता ली है। इनके दिवंगत अथवा जीवित लेखकों के प्रति हम अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हैं—

श्री आपटे का अंगरेजी- संस्कृत कोश
श्री वैद्य का संस्कृत-अंगरेज़ी कोश
श्री भंडारी का अंगरेज़ी-हिन्दी कोश
ना० प्र० सभा का वैज्ञानिक कोश
अमर-कोश
कौटिल्य- अर्थशास्त्र
कथा सरित्सागर

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

जातक (हिं० सा० सम्मेलन)

श्री मोदी का मेडिकल जूरिस्प्रूडेंस

श्री चन्द्रवली पाण्डे के कई लेख (सम्मेलन पत्रिका, हिन्दी)

याज्ञवल्क्य स्मृति, मनुस्मृति, इत्यादि ।

यों तो इसकार्य में हिन्दी सभा के कितने ही प्रेमियों ने भाग लिया है, परंतु अधिकतर परिश्रम निम्नलिखित सज्जनों ने किया है—

श्री रामस्वरूप अवस्थी, 'रूप'

श्री वंशीधर शुक्ल एम्० ए०, एल-एल० बी०

श्री व्रजबहादुर अग्निहोत्री, एम्० ए०, एल्-एल्० बी०

श्री नवलविहारी मिश्र, बी०एस्-सी०,एम्० बी० बी० एस्०

श्री गंगाधर मिश्र, बी० ए०, एल्-एल्० बी०

श्री कमलेशचन्द्र उपाध्याय, एम्० ए०

श्री कन्हैयालाल शुक्ल

अन्त में कुछ निवेदन हम उन सज्जनों से भी कर देना चाहते हैं, जिन्हें इन पर्यायों पर किएगये परिश्रम की उपादेयता में संदेह है ।

यह न समझना चाहिये कि ये पर्याय संपूर्ण हैं, अथवा इनमें सुधार नहीं किया जासकता । सुना है कि संयुक्तप्रान्त की सरकार ने नागरीप्रचारिणी सभा तथा हिन्दी साहित्यसम्मेलन से भी यह कार्य करने का अनुरोध किया है । यह भी सुना है कि बरेली, झांसी तथा अन्य स्थानों में भी कई सज्जन इस सम्बन्ध में परिश्रम कर रहे हैं । जहां इन सबके बड़े बड़े प्रयत्न हैं, वहां हिन्दी सभा का भी यह एक छोटासा प्रयत्न है, और यदि इसके द्वारा भावी पर्यायकारों को कुछभी सहायता

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

मिली, तो हम अपना परिश्रम सफल समझेंगे।

कुछ लोग अबभी हिंदुस्तानी का स्वप्न देख रहे हैं। हमें बड़ी प्रसन्नता होती, यदि हिंदुस्तानी अथवा ठेठ बोली में पर्याय बनाना संभव होता। पर इसप्रकार के शब्द यदि बनाने हैं, तो किसी 'क्लैसिकल' भाषा की भित्ति पर ही ऐसा संभव है। अंगरेज़ी बड़ी उन्नत भाषा है, पर उसका कितना काम लैटिन और ग्रीक के बिना चलसकता है? वर्त्तमान् परिस्थिति में यदि हम चाहते हैं, कि हमारे शब्द भारत भर में समझे जांय, तो हमें संस्कृत का आधार लेना पड़ेगा। कुछ ही दिन पहले उड़ीसा के गवर्नर श्री काटजू ने तो संस्कृत को भारत की राष्ट्रभाषा का पद देने का सुझाव दिया है। श्री काटजू का स्वप्न सफल होने में स्पष्ट कठिनाइयां हैं, पर संस्कृत-मूलक हिंदी तो भारत की राष्ट्रभाषा होकर रहेगी।

यही नहीं। अपने आप को हीन समझने के भाव हम यदि एक क्षण के लिये छोड़ सकें, यदि हम देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर दृष्टि डालें, यदि हम जान लें कि भारत की तीसकरोड़ में से पचीस करोड़ जनता हिंदी अथवा उससे संबद्ध भाषाएं बोलती और लिखती है, तथा शेष ५ करोड़ का भी संस्कृत द्वारा उससे स्पष्ट सम्बन्ध है, यदि हम यह भी जान लें कि संस्कृत और फ़ारसी में, तथा संस्कृत और ग्रीक-लैटिन में मूल सम्बन्ध रहा है, और अन्त में यदि हम यह न भूलें कि जापान, चीन, बरमा, लंका आदि के सत्तर करोड़ निवासी बौद्ध संस्कृति के कारण हमारे बहुत निकटस्थ हैं, तो हम देखेंगे कि हमें एक माप्य समय के भीतर हिन्दीभाषा तथा नागरी लिपि को सारी पृथिवी की अन्तर-

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

राष्ट्रीय भाषा तथा लिपि बनाने का स्वप्न देखने का अधिकार है।

प्रस्तुत पुस्तक की बिक्री की कुल आय हिन्दी सभा की होगी। जानबूझ कर प्रत्येक पृष्ठ में एक ही कालम रक्खा गया है, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर पर्यायों में परिवर्त्तन इत्यादि लिखने की जगह रह जाय।

नवलबिहारी मिश्र
मंत्री, हिन्दी सभा

सीतापुर
१०—१२—४७

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Abadi—बस्ती, वसति
Abandon—स्वत्व-त्याग
Abandoning (of infants)—शिशु-अपत्याग
Abatement of suit—वादसमाप्ति
Abdomen—उदर
Abduction—अपहरण
Abetment—दुरुत्साहन
Abettor—दुरुत्साहक
Abeyance—निर्णयापेक्ष्य स्थिति
Abortion—गर्भस्राव
Abortion, accidental—गर्भस्राव, आकस्मिक
Abortion, criminal—गर्भस्राव, दंडनीय
Abortion, induced—गर्भस्राव, कृत्रिम
Abortion, justifiable—गर्भस्राव, वैध
Abortionist—गर्भस्रावक
Abrasion—त्वक्छेद
Abrogation—निरसन
Abscond—अपक्रमण करना
Absent—अनुपस्थित
Absolute—पूर्ण, अबाध
Absolve—मुक्त करना
Abstract—सार, सारांश
Abuttals—चतुःसीमा
Accede—स्वीकार करना
A cceptance—स्वीकृति

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Access–प्रवेश, पहुँच
Accessory–सहायक
Accident–आकस्मिक दुर्घटना, संयोग
Accidental– आकस्मिक
Accomplice–पाप सहाय, अनुषंगी
Account–लेखा, गणना, अभिगणन, खाता
Account-bookबहीखाता
Accretion–भूसंवर्द्धन
Accrue–वृद्धि, उत्पन्न होना
Accumulation–संचय
Accusation–अभियोजन
Accused–अभियुक्त
Acid–अम्ल
Acid, corrosive–विलयक, अम्ल
Acid, mineral–खनिज, अम्ल
Acid, organic–जैव, अम्ल
Acid, strong–तीव्र, अम्ल
Acknowledge–स्वीकार करना
Acknowledgement–प्राप्ति-स्वीकार
Acquire–प्राप्त करना
Acquiscence–सहमति, मौन सम्मति
Acquisition–प्राप्ति
Acquit-दोष-मुक्त करना
Acquittalदोष-मुक्ति
Acre–एकड़ (भूमाप)

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Act–विधान, कार्य

Action–कार्य, अभियोग

Action, cause of–वादहेतु

Actionable claim–वादयोग्य स्वयाचन

Actionable wrong–वादयोग्य अपकार

Active–सक्रिय

Active confidence स्वभाव–सिद्ध विश्वास

Actual वास्तविक

Additional pleas–अतिरिक्त कथन

Adduce–प्रस्तुत करना

Adequate–पर्याप्त

Adjacent–निकटस्थ

Adjective Law–गौण विधान, पूरक विधान

Adjoining–समीपवर्ती

Adjournment–स्थगित करना, स्थगन

Adjudge–निर्णय करना

Adjustment–समाधान

Administer, oath–शपथ संयोजन

Administration–शासन प्रबंध, संपत्ति प्रबंध

Administrator–शासन प्रबंधक

Admissible ग्राह्य

Admissibility of evidence–साक्ष्य ग्राह्यता

Admission–स्वीकरण

Admitted–स्वीकृत

Admonition–भर्त्सना, चेतावनी

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Adoption–दत्तक ग्रहण
Adult–प्रौढ़, वयस्क
Adulteration–अपमिश्रण
Adultery–पर-पत्नी-व्यभिचार, पर-स्त्री-गमन
Advalorem–मूल्यानुसार
Advance–अग्रिम
Advantage–सुविधा
Adverse–विरुद्ध
Adverse party–विरोधी पक्ष, विपक्ष
Adverse possession–विरुद्धाधिकार
Advertisement–विज्ञापन
Advice–परामर्श
Affidavit–शपथ-पत्र
Affiliation–अनौरस-निर्वाह-दायित्व
Affinity–आत्मीयता
Affirmative–स्वीकारात्मक
Affirmation–धर्माधीन कथन
Affray–द्वंद्व
Age–आयु
Age, viable–जीवनीय आयु
Agent–प्रतिनिधि, अढ़तिया
Aggravate–गुरुतर करना
Aggrieved–दुखित, असंतुष्ट
Aggregate–एकत्रित
Agnate–सगोत्र

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Agreement—स्वीकार पत्र
Agricultural holding—कृषि संपत्ति
Agriculture—कृषि
Agriculturist—कृषि-जीवी
Alias—उपनाम
Alibi—अन्यत्र उपस्थिति
Alien—विदेशीय
Alienate—हस्तांतरण करना, स्वत्वार्पण
Alienation—स्वत्व हस्तांतरण
Alkali—क्षार
Allegation—कथन
Alluvial land—कछार भूमि
Alternative—वैकल्पिक, विकल्प
Amalgamation—एकीकरण
Ambassador—राजदूत
Ambiguous—उभयार्थक
Amend—संशोधित करना
Amendment—संशोधन
Amentia—वालिशता
Amnesty—क्षमाघोषणा
Amount—परिमाण
Amount of rent, annually payable—वार्षिक कर, अथवा किराया
Analysis—विश्लेषण
Anarchy—अराजकता

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Ancestor–पूर्वज
Ancestral property–पैत्रिक संपत्ति
Ancient–प्राचीन
Animus–प्रेरक भाव
Annoyance–खीझ, उद्वेजन
Annual–वार्षिक
Annul–निरसन करना
Anonymous–नामरहित
Antecedents–पूर्ववृत्त
Anterior–सम्मुख पृष्ठ
Anticipation–प्रत्याशा
Anus–गुदद्वार
Apology–क्षमा याचना
Apoplexy–पक्षाघात
Apparant–प्रकट
Appeal–पुनर्विचार प्रार्थना
Appear–समक्षागम, उपस्थित होना
Appearance–उपस्थिति
Appellant–पुनर्विचार-प्रार्थी
Appellate Court–पुनर्विचार-न्यायालय
Applicable–प्रयोज्य
Applicant–प्रार्थी
Appointment–नियुक्ति
Apportionment–सानुपात विभाजन
Apprehension–शंका, बंदीकरण

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Apprentice–पदशिक्षार्थी
Appropriation–उपयोग
Approver–क्षमाप्राप्त साक्षी
Appurtenance–आनुषंगिक पदार्थ, उपांग
Arable–खेती के योग्य
Arbitrary–स्वेच्छाचारी
Arbitration–माध्यस्थ्य, पंचायत
Arbitrator–मध्यस्थ, पंच
Area–क्षेत्रफल
Areola–स्तनमंडल
Argue–विवाद करना
Armed–सशस्त्र
Arms Act–शस्त्र-विधान
Army Act–सेनाविधान,सैन्यविधान
Arrears–अवशेष
Arrest–बंदीकरना, निरोध, निग्रह
Arsenic–संखिया
Arson–क्षति कारक दाह
Articles of association–संघ-नियम
Ascendants–पूर्वज
Asphyxia–श्वास निरोध
Assault–प्रहार, आक्रमण
Assembly–मंडल
Assent–सहमति
Assertion–प्रतिपादन

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Assess-कर-निर्धारण करना
Assessment-कर निर्धारण
Assessor-न्याय सहकारी, परामर्शदाता
Assets-रिक्थ
Assign-समर्पण निर्देश करना
Assignee-समर्पण निर्देश ग्रहीता
Assignor-समर्पक
Assumption-ग्रहण
Attachment-आसेध
Attainment of majority-वयस्कत्व प्राप्ति
Attempt-प्रयत्न,कुप्रयत्न
Attestation-प्रमाणीकरण
Attested-प्रमाणीकृत
Attesting witness-प्रमाणित करने वाला साक्षी
Auction-घोषविक्रय
Auction purchaser-घोषविक्रय-क्रेता
Audit-आय-व्यय-निरीक्षण
Authorised-अधिकृत
Authority-अधिकार-शक्ति, अधिकारी
Author of the trust-न्यास निर्माता
Average-मध्यमान
Award-मध्यस्थ निर्णय
Bad debt-अप्राप्यऋण, बट्टे खाते का धन
Bad livelihood-अपजीविका
Bail-प्रतिभूकरण (क्रि०) प्रतिभू (सं०)

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Bail (released on)–प्रतिभू-मुक्त, प्रतिभूत

Bailable–प्रतिभाव्य, प्रतिभूति योग्य

Bail bond–प्रतिभू-पत्र

Bailee–निक्षेप ग्रहीता

Bailment–निक्षेप

Bailor–निक्षेपी

Balance–शेष

Balance sheet–आयव्यय-विवरण पत्र

Bankrupt–ऋणशोधनाक्षम

Bar–अभिभाषक संघ

Bar council–अभिभाषक सभा

Bar to further suit–भावीवाद का निषेध

Barred by limitation–अत्यवधि

Barter–वस्तु विनिमय

Basis–आधार

Bastard–कौलटेय, जारज, विजात

Belief–विश्वास

Below par बट्टे से

Benami–अनाख्यात

Bench–न्यायाधीश-वर्ग

Beneficial enjoyment and interest–हितकरभोग तथा हिताधिकार

Benificiary–हिताधिकारी, उपकृत

Benefit–लाभ, हित

Bequeath–उत्तरदान करना

Bestiality–पशुशीलता

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Bet-जुआ
Betrothal-सगाई
Bid-मूल्योद्घोष
Bigamy-द्विपत्नी करण
Bilateral Contract-परस्पर वाक् निश्चय
Bill-पत्र, लेख, हुंडी
Bill of exchange-विनिमयपत्र
Binding-पालनीय
Bladder-वस्ति
Blank cheque-कोरी हुंडी
Blister-त्वक्स्फोट
Blood-रक्त
Blood, arterial-धमनीय रक्त
Blood, corpuscles-रक्ताणु
Blood, menstrual-रज
Blood, venous-शिरारक्त
Blunt weapon-धारहीन अस्त्र
Board of revenue-राजस्व समिति
Bonafides-सद्भावना
Bond-प्रतिज्ञालेख्य
Bone-अस्थि
Bone ossification अस्थिसात्करण
Bonus-लाभांश
Boundary pillar-सीमास्तम्भ
Brain-मस्तिष्क

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Brain compression–मस्तिष्क-संपीडन
Brain concussion–मस्तिष्क-संक्षोभ
Brain contusion–मस्तिष्क-मर्दन
Brain laceration मस्तिष्क-निर्भेद
Breach–भंग
Breach of contract–वाक्-निश्चय-भंग, अनुबंध-भंग
Breach of peace-शांतिभंग
Breach of trust-निक्षेप-भंग
Bribery-उत्कोच, उपायन, घूस
Brief-विवाद-पक्ष
Broker–सत्री
Brothel–वेश्यालय, कुट्टनीगृह
Bruise–पिचन
Bruise, accidental–आकस्मिक
Bruise, antemortem–मरणपूर्व
Bruise, postmortem–मरणोत्तर
Buoyancy–प्लवनशीलता
Burden of proof-प्रमाणभार
Burglier–संधिचौर
Burglary–संधि चौर्य, अभिहार
Business–कारबार
Bye-election–उपनिर्वाचन
Bye-laws उपनियम
Calamities–दैवीप्रकोप
Calculate–गणना करना

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Calendar year–आंग्ल वर्ष
Camera meeting–कक्ष समिति
Canal–कुल्या, नहर
Cancellation–अपाकरण
Candidate–प्रत्याशी, पदाभिलाषी
Capacity–क्षमा, सामर्थ्य
Capita distribution–समान वितरण
Capital–पूंजी
Capital punishment–प्राणदंड
Carrier–वाहक
Cartilage–उपास्थि
Case–अभियोग
Casual–आकस्मिक
Catalogue–सूचीपत्र
Cattle lifting–पशुअपहरण
Cause–कारण, प्रयोजन
Cause of action–विवाद-कारण
Cause, just–सत्प्रयोजन
Censure–निंदा
Census–जनगणना
Certificate–प्रमाणपत्र
Certified copy–प्रमाणीकृत प्रतिलिपि
Cess–विशेषकर
Challan–प्रेषण
Charge–अभियोग

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Charge sheet–अभियोग–पत्र

Charges–अवन्यास

Charities (public)–सार्वजनिक दान

Chart–रेखा-पत्र

Cheat–प्रतारण, धूर्त, धूर्तता करना

Chemical examiner–रसायन परीक्षक

Chief court–प्रधान न्यायालय

Child marriage restraint act–बालविवाह निरोध-विधान

Cicatrix–रूढ़क्षत

Circle rate–मंडल प्रमाण

Circular–परिचालित पत्र

Circulate–परिचालित करना

Circumstance–परिस्थिति

Circumstantial–यथास्थित

Circumvention–प्रवंचना

Cite–उद्धरण करना

Citizen–नागरिक

Citizenship–नागरिकता

Civil court–नागरिक न्यायालय

Civil law–नागरिक विधान

Civil list–अधिकारियों की सूची

Civil procedure code–नागरिक-विधान-सरणि-संहिता

Civil responsibility–नागरिक दायित्व

Civil suit–नागरिक वाद

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Civil war–गृहयुद्ध
Claim–स्वयाचन
Claimant–स्वयाचक
Class–वर्ग
Classification–वर्गीकरण
Clause–पद
Client–पक्ष्य, व्यवहारी
Clitoris–भगांकुर
Clog on redemption–मोक्षण प्रतिरोध
Closure–विवादांत
Club–गोष्ठी
Clue–सूत्र
Co-accused–सहअपराधी
Coalition–सहयोग
Code–सरणि-संहिता
Codicil–मृत्यु-उपपत्र
Coertion–निग्रह
Co-executor–सहनिष्पादक
Cogent–निश्चयात्मक
Cognates–भिन्नगोत्र
Cognizable–अनुसंधेय
Cohabitation–सहवास
Coin–मुद्रा
Collateral–आनुषंगिक
Collusion–कूट-संवेद, कपट मंत्रणा

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Come into force—प्रयोग में आना
Commentary—टीका, भाष्य
Commission—नियुक्ताधिकारी
Commit for trial—विचारार्थ प्रेषण
Commitment—प्रेषण
Commodity—पण्य
Common intent—सम्मिलित अभिप्राय
Communal—सांप्रदायिक
Communication—संवहन
Commutation—(कर) परिवर्तन, परिणति
Company—श्रेणी, व्यापार समिति
Compare—तुलना करना
Compatible—अविरुद्ध
Compel—बाध्यकरना
Compensation—क्षतिपूर्ति
Compete—प्रतियोगिता करना
Competent authority—सामर्थ्याधिकार
Competent court—समर्थ न्यायालय
Complainant—अभियोक्ता
Complaint—अभियोग
Compliance—पालन
Compound—संधि करना
Compound interest—चक्रवृद्धि
Compoundable—संधेय
Compromise—सामोपचार

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Compulsory—अनिवार्य
Computation—गणना
Communications—संवाद
Communications, privileged—अधिकार-विशिष्ट संवाद
साधिकार संवाद
Communications professional—वृत्ति सम्बन्धी संवाद
Concealment of crime—अपराध-प्रच्छादन, अपराध-गोपन
Conciliation—विरोध-शमन
Conclusive proof—अखंड्य प्रमाण
Concubine—उपस्त्री
Concurrent judgment—सम्मतिपूर्व निर्णय
Concurrent sentence—सहचारी दंड, युगपद् दंड
Concurrent jurisdiction—सहाधिकार-क्षेत्र
Condemn—दंड देना, निंदा करना
Condition—अभिसंधि, प्रतिबंध, दशा
Condition precedent—पूर्व निर्दिष्ट अभिसंधि
Conditional sale—सप्रतिबंध विक्रय
Conditional transfer—प्रातिबंधिक परावर्तन
Conduct—आचरण, परिचालन करना
Confidential—गोपनीय
Confinement—अवरोध, प्रसवकाल
Confess—अपराध अंगीकार करना
Confessionअपराध अंगीकरण
Confession, to extort—बलात् अपराध अंगीकार कराना
Confession, to retract—अपराध स्वीकृति प्रत्याख्यान

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Confiscation–निःस्वीकरण,राजापहरण, राजसात् करण
Conflicting–परस्पर विरोधी
Confusion–संभ्रम, अस्तव्यस्तता
Congenital disease–जन्मज रोग
Conjugal–वैवाहिक
Connivance–अक्षिसंकोचन
Consanguine brothers–वैमात्र भाई
Consanguinity–सगोत्रता
Conscientious–विवेकयुक्त
Consecutive–क्रमानुगत
Consent–सहमति
Consent, age of–सहवास-सहमति-वय
Consent decree–सहमति-निर्णय
Consequential relief–परिणामी उपशम
Consideration–हेतु, प्रतिदान
Consignee–प्रतिग्रहीता
Consignor–प्रेषक
Consignment–प्रेषित वस्तु
Consistent–अनुरूप
Consolidation of land and suit–वाद अथवा भौम्य-समाहरण
Conspiracy–षड्यंत्र
Constituency–निर्वाचन क्षेत्र
Constitution–विधान
Constitutional–वैधानिक

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Constructive–रचनात्मक, विधायक

Consultation–विमर्श

Consumer–उपभोक्ता

Contagious–स्पर्शज

Contemporaneous–समकालीन, युगपत्

Contempt–अपमान

Contest–प्रतिवाद

Context–प्रसंग

Contingent–आगंतुक व्यय, आपातिक व्यय

Contingent interest–सप्रतिबंध अधिकार

Contingent-contract–संयोगिक अनुबंध

Continuous running of time–तारतम्यावधि

Contraband–वर्जित

Contract–वाक्‌निश्चय, अनुबंध

Contract, grant–सम्पत्ति का वाक्‌निश्चय, अनुबंध

Contract, disposition of property–प्रदान तथा अन्य विन्याल (विनियोग)

Contradict–प्रातिकूल्य निदर्शन

Contradiction–प्रातिकूल्य

Contrary–विपरीत

Contravene–उल्लंघन करना

Contribution–अंशदान

Control–नियंत्रण

Controversy–विवाद

Conversion–धर्म-परिवर्तन, परिवर्त्तन

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Convict–अपराधी ठहराना, अपराधी
Conviction–अपराध-सिद्धि
Co–operative society–सहकारी समिति
Co–owner–सहस्वामी
Co–parceners–संसृष्ट
Co–partnership–सहभागित्व
Co–plaintiff–सहवादी
Copy right–प्रकाशन-स्वामित्व
Corporal punishment–शारीरिक दंड
Corpse–शव
Correction slip–शुद्धि-पत्रक
Correspondence–पत्र-व्यवहार
Corroboration–समर्थन, पुष्टि
Corroborative evidene–समर्थक साक्ष्य
Corrupt practices–भ्रष्टाचरण
Co–security–सह-प्रतिभू
Co-sharer–सह-भागी
Cost–मूल्य, व्यय
Co–tenant–सह-कृषक
Counterfeiting coins–कपट-मुद्रा-करण
Counter foil–दूसरी प्रति
Course of business–व्यापार-व्यवहार-क्रम
Court–न्यायालय
Court, chief–प्रधान-न्यायालय
Court fee–न्यायशुल्क

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Court, high—उच्च न्यायालय
Court martial—सैनिक-न्यायालय
Court of arbitration—पंच-न्यायालय
Court of first instance—प्राथमिक न्यायालय
Court of sessions—विशिष्ट-, सत्र-न्यायालय
Court of wards act—रक्ष्य-समिति-विधान
Covenant—प्रतिश्रुति
Cranium—कपाल
Credit—साख, उधार
Creditor—उत्तमर्ण
Crime—अपराध
Criminal—सापराध, अपराध सम्बन्धी, अपराधी
Criminal breach of trust—सापराध-विश्वास-घात, दंडनीय विश्वासघात
Criminal conspiracy—सापराध षड्यंत्र
Criminal court—दंड-न्यायालय
Criminal force—सापराध-बलप्रयोग
Criminal intimidation—सापराध भय-प्रदर्शन
Criminal law—दंड-विधान
Criminal misappropriation—सापराध दुरुपयोग
Criminal procedure code—दंडविधान-सरणि-संहिता
Criminal trespass—सापराध अतिक्रम
Criminal trial—दंड-विचार
Criminal tribe—अपराधशील जाति
Cross-decree—प्रतिनिर्णय

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Cross-examine–परिप्रश्न करना

Culpable homicide, amounting to murder–
हत्यानुरूप दंडनीय नरवध

Culpable homicide, not amounting to murder–
हत्या प्रतिरूप दंडनीय नरवध

Culprit–दोषी

Cumulative–एकत्रित

Current–प्रचलित

Custody–कारानिरोध, संरक्षण

Custom–आचार, रीति

Customary easement–लौकिक सुखाधिकार

Cutis ansarina–हंसत्वचा

Dacoity–दुर्दस्युता, डकैती

Damage–क्षति, हानि

Damages–क्षति-पूर्ति

Danger–संकट, भय

Dangerous–संकट-जनक, भयप्रद

Data–आधार

Day-book–दैनन्दिनी

Dead body–शव

Dead-born–मृतजात

Deadlock–गति-अवरोध

Deadly–घातक

Dealings–व्यवहार, लेनदेन

Death–मृत्यु

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Debarred–निराकृत

Debenture–दीर्घकालीन ऋण-पत्र

Debit–नामे बाकी

Debt–ऋण

Debtor–ऋणी, अधमर्ण

Debuttor property–देवोत्तर-सम्पत्ति

Deceased–स्वर्गवासी, मृत

Deceit–प्रवंचना

Decennial settlement–दशवार्षिक प्रबंध

Decision–निर्णय

Decision, pending the–निर्णय होने तक

Declaration–घोषणा, ज्ञापन

Declaratory suit–स्वत्व-ज्ञापक वाद, अधिकार-घोषक-वाद

Decompsition–विगलन

Decree–निर्णय, निर्णय करना

Decree-holder–निर्णय-ग्रहीता

Decree, preliminary–प्रारंभिक निर्णय

Dedicate–समर्पित-करना

Deduction–कमी

Deed–लेख

Deem–समझना

De facto–वास्तव में

Defamation–मानहानि

Defame–मानहानि करना

Defeat–निष्फल करना

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Defect–दोष
Defence–प्रतिवाद
Defend–प्रतिवाद करना
Defendant–प्रतिवादी
Deferred dower–अप्रस्तुत यौतुक
Defiance–अवज्ञा
Deformity–वैरूप्य
Deformity, acquired–अधिगत वैरूप्य
Deformity, congenital–जन्मज वैरूप्य
Deficiency–कमी
Deficit–घटी, न्यूनता
Definition–परिभाषा
Defraud–कपट करना, धोका देना
De jure–नियमतः
Delay–विलम्ब
Delegate–व्यादिष्ट करना
Delegation–व्यादिष्ट प्रतिनिधि
Delerient poisons–भ्रामक विष
Delerium–भ्रान्तमति, चित्तभ्रम
Delerium tremens–सुराभ्रम
Delivery–प्रसव
Delusion–विभ्रम
Demand–मांग
Demarkation–सीमा-निर्द्धारण
Demeanour–व्यवहार, चेष्टा

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Dementia–निक्षेप
Demolish–विध्वंस करना, गिराना
Demurrage–विलम्ब–शुल्क
Denial, specific–विशिष्ट अस्वीकृति
De novo–पुनरारम्भ
Department–विभाग
Departmental order–वैभागिक आज्ञापत्र
Dependent–आश्रित
Deponent–कथयिता
Deposit–धरोहर
Deposition–कथन
Deprive–वंचित करना
Deputation–प्रतिनिधिवर्ग, शिष्ट-मंडल
Deputy–उप
Derive–प्राप्त करना
Descendant–वंशज
Descent–वंश
Deserving–पात्र
Design–बनावट
Designation–पद
Destination–निर्दिष्ट स्थान
Destruction–नाश
Details–विवरण
Detain–कारानिरोध करना
Detect–निरूपण

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Detective–गुप्तचर

Detention–कारा निरोध

Determinable–निरूप्य

Determination–निश्चय, निरूपण

Deterrent–निवारक

Development–संवर्द्धन

Device–युक्ति

Devolution–अवतरण

Diary–दैनंदिनी

Dictum–सिद्धान्त

Difference–अन्तर, भेद

Digest–सार

Direction–निर्देश

Directly–प्रत्यक्ष

Director–संचालक

Disability–अयोग्यता

Disappoint–निराश करना

Disarm–निःशस्त्र करना

Discharge–अपराध–निस्तार करना

Discharge or satisfaction of a decree–
निर्णय का विसर्जन अथवा उसकी सन्तुष्टि

Disciplinary–अनुशासनात्मक

Disclaim–अस्वीकार करना

Discontent–असंतोष

Discount–बट्टा, मिती कांटा

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Discretion–विवेक
Discretionary–विवेकाधीन
Discriminate–भेद करना
Discuss–तर्क करना
Disgraceful–अपयश-कारक
Dishonour–अपमानित करना
Disinherit–दायहीन करना
Dismiss–कार्य्य-विरत करना, निराकरण करना
Dismissal–कार्य्य-विरति, निराकरण
Disobedience–अवज्ञा
Disorder–अव्यवस्था
Disperse–विच्छिन्न करना, अथवा होना
Disposal–व्यवस्थापन
Dispossession–स्वत्वाधिकार-वंचन
Dispute–विवाद, झगड़ा
Disqualification–अयोग्यता
Dissent–असहमति, भिन्न मत
Dissolution–भंग, विच्छेद
Distillery–मद्य-निष्कर्ष-शाला, शुंडा
Distribution–वितरण
Disturbance–उपद्रव
Divorce–विवाह-विच्छेद
Doctrine–सिद्धान्त
Document–लेख पत्र
Documentary evidence–लिखित प्रमाण

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Domiciled—नागरिकता-प्राप्त
Dominant tenement—प्रधान स्थान
Donation—दान
Donee—प्रति-ग्रहीता
Donee, universal—सर्वस्व प्रतिग्रहीता
Donor—दाता
Dorsal—उपरि पृष्ठ
Doubtful debt—संदिग्ध ऋण
Dower—यौतुक
Draft—आलेख
Drowning—निमज्जन
Due—प्राप्य, लेना
Duely—यथा-विधि
Duration—अवधि
Duty—धर्म, कर्तव्य, कर
Duty, export—निर्यात कर
Duty, import—आयात कर
Duplicate—प्रतिलिपि, पुटीकरण
Dwelling house—निवास-स्थान, निवास-गृह
Dying-declaration—मृत्युकालीन प्रस्थापन
Earnest money—सत्यापन (बयाना)
Easement—भोगाधिकार
Easement, apparent—प्रत्यक्ष भोगाधिकार
Easement, continuous—सतत भोगाधिकार
Easement, customary—रूढ़िगत भोगाधिकार

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Easement, discontinuous–असतत भोगाधिकार
Easement, disturbance of–आवश्यक-सौविद्धि में विघ्न
Easement, negative–निषेधात्मक-भोगाधिकार
Easement, non-apparent–अप्रत्यक्ष भोगाधिकार
Easement, extinction of–आवश्यक सौविद्धि की समाप्ति
Easement of necessity–आवश्यक सौविद्धि
Easement, suspention of–आवश्यक सौविद्धि का स्थगन
Easement, permanent–स्थायी भोगाधिकार
Edition–संस्करण
Editor–संपादक
Education–शिक्षा
Educational–शिक्षा-संवन्धी
Efface–मिटाना
Effect–प्रभाव
Effects–संपत्ति
Effective–प्रभावोत्पादक
Effort–प्रयास
Ejectment–निष्कासन
Egress–निकास
Elapse–व्यतीत होना
Elder branch–ज्येष्ठ-शाखा
Election–निर्वाचन, अभिनिर्वाचन
Election, direct–प्रत्यक्ष निर्वाचन
Election expence–निर्वाचन-व्यय
Election, indirect–अप्रत्यक्ष-निर्वाचन

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Election, invalid–अनियमित-निर्वाचन
Election objection–निर्वाचनापत्ति
Election petition–निर्वाचन-विचार-प्रार्थना-पत्र
Electoral roll–निर्वाचक-नामावली
Electorate–निर्वाचक-वृन्द
Eligible–उपयुक्त, योग्य
Elopement–व्यपसर्पण
Elucidate–स्पष्ट करना
Emancipation–मुक्ति
Embankment–बांध
Emasculation–पुंस्त्व हरण
Embarass–उद्विग्न करना, अड़चन डालना
Embezzle–हड़प जाना
Employ–नियुक्त करना
Employee–नियुक्त
Employer–नियोजक
Employer's liability–नियोजक-दायित्व
Employment–नियुक्ति
Enactment–विधायन
Enclosure–संवद्ध, घेरा
Encourage–उत्साहित करना
Encroach–अधिकारापहरण, आत्मसात्करण
Encumbered–ऋण-ग्रस्त
Encumbrance–भार
Endowment–वृत्तिदान

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Endorsement–प्रमोदन, प्रमाणी करण
Enforceable–वाध्य, प्रवर्तनीय
Enforcement of decree–निर्णय-प्रवर्तन अथवा निष्पादन
Enforcement of liability–दायित्व-प्रवर्तन अथवा निष्पादन
Enhance–वर्द्धन, वृद्धि करना
Enhancement of punishment–दण्ड-वर्द्धन
Enhancement of rent–कर-वर्द्धन
Enjoy–उपभोग करना
Enrol–सूचीबद्ध करना
Enquiry–जांच
Ensue–घटित होना
Entangle–उलझा देना
Enter–प्रवेश
Entertain–ग्रहण-करना
Entice–विलोभन
Entitled to–अधिकारी होना, करना
Entrust–निक्षेप करना
Entry–प्रवेश, लेखा
Entry in account books of public record–बही अथवा सार्वजनिक लेख-पत्र में उल्लेख
Epilepsy–अपस्मार
Epiphysis–संलग्नास्थि
Equilibrium–सन्तुलन
Equitable–सुनीतियुक्त
Equitable set off–समदर्शी प्रतिस्वत्व

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Equity–समदर्शी न्याय
Equity of redemption–वंधक-मोचनाधिकार
Erroneously–भूल से
Escheat–उत्तराधिकार-हीन संपत्ति
Essential–आवश्यक
Establish–स्थापित करना
Establishment–कर्मचारी वर्ग
Estate–संपत्ति
Estimate–अनुमिति करना, आंकना
Estoppel–पूर्वापेक्षित गत्यावरोध
Evade–टाल मटोल करना
Evasive denial–वक्रोत्तरीय अस्वीकृति
Evict–आधिपत्य-च्युत करना
Evidence–साक्ष्य
Evidence, cirumstantial–यथास्थित साक्ष्य
Evidence, direct–प्रत्यक्ष साक्ष्य
Evidence, hearsay–श्रुतानुश्रुत
Evidence, indirect–अप्रत्यक्ष साक्ष्य
Exact–यथार्थ
Exaction–आहरण
Examination-in-chief–मुख्य निवेदन-प्रश्न
Examine–आनिवेदन करना
Example–उदाहरण
Exceed–बढ़ जाना
Exception–अपवाद

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Exchange–विनिमय
Excise–उत्पादन कर
Excite–उत्तेजित करना
Exclusion–वर्जन
Exclusion of evidence–साक्ष्य का निराकरण
Execute–निष्पादन करना
Execution of a document–लेख-पत्र-लेखन
Executive–प्रवन्ध, कार्य्य कारिणी
Executor–निष्पादक
Exemplary–उदाहरणीय
Exempt–क्षमित
Exercise–प्रयोग करना
Exhumation–शवोत्खनन
Existing–विद्यमान
Ex office–पदानुसार
Exorbitant–अत्यधिक
Exonerate–भार हटाना
Exparte–एक पक्षीय
Expectation of life–अपेक्षित आयु
Expendient–उचित
Expert–विशेषज्ञ
Expire–समाप्त होना
Explanation–स्पष्टीकरण
Explicit–स्पष्ट
Explosive–विस्फोटक

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Export—निर्यात

Express—व्यक्त

Exproprietary—स्वामित्व-च्युत

Expulsion—निष्कासन

Extenuate—कम करना

Extortion—बलात् ग्रहण

Extract—उद्धरण

Extradition—अपराधी-समर्पण

Extra-ordinary—असाधारण

Eye-witness—प्रत्यक्ष दर्शी, चाक्षुष-साक्षी

Fabricate—कपट रचना करना

Fabricated evidence—कूट साक्ष्य, कृत्रिम साक्ष्य

Face value—प्रत्यक्ष मूल्य

Fact—तथ्य

Fact, forming part of the same transaction—तथ्य जो एक ही व्यापार के अंग हैं

Fact-in-issue—निर्णेय तथ्य

Facts which are occasion, cause or effect of the fact in issue-तथ्य, जो निर्णेय तथ्य के प्रसंग, कारण अथवा कार्य्य हैं

Failure—असफलता

Fair—न्याय-संगत

Fallacy—भ्रान्ति

False—मिथ्या

False and frivolous—मिथ्या तथा तुच्छ

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

False entry–मिथ्या लेखा

False or vexatious claim or defence–
मिथ्या अथवा उद्वेग जनक स्वत्व-याचना, अथवा वादोत्तर

Family arrangement–पारिवारिक-प्रबंध

Family members–परिवार सदस्य

Famaily pedigree–वंश-वृक्ष, पारिवारिक वंशावली

Family usage–पारिवारिक कुलाचार

Fasli–कृषि-वर्ष

Fatal–घातक

Fault–त्रुटि

Favour–अनुग्रह, कृपा

Federation–संघ

Fee–शुल्क

Felony–आततायिता

Femur–जंघास्थि

Fetters–निगड़, बेड़ी

Fictitious–काल्पनिक, मिथ्या

Fiduciary–न्यासिक, विश्रब्ध

Field-book–क्षेत्र पुस्तक

Fight–कलह

Figures–अंक

File–संबद्ध पत्रावली, पत्र-संग्रह, पत्रावली

File–न्यस्त रहे

Final–अन्तिम

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Finance—अर्थशास्त्र
Fine—अर्थ-दण्ड
Finger print—अंगुलि-मुद्रा
Finger print bureau—अंगुलि-मुद्रा-अन्वेषणालय
Fire arms—आग्नेयास्त्र
Fire works—स्फुलिंग-क्रीडा
First aid—प्रारंभिक-चिकित्सा
First hearing—प्रथम प्रार्थनाश्रवण
First information report—प्रारंभिक अपराध सूचना
Fit—उचित
Fit of passion—आवेश
Fix—निश्चय करना
Fix a notice—सूचना समायोग
Flaccidity—शिथिलता
Flag—पताका
Flaw in title—अधिकार में त्रुटि
Flimsy—आधार हीन, निर्बल, निःसत्व
Floating capital—चल-पूँजी
Fluctuate—अस्थिर होना, उतार चढ़ाव होना
Fluctuation—अस्थिरता
Foetus—भ्रूण
Follow—अनुसरण करना
Forbid—वर्जन करना
Foreclosure—परिक्रय-प्रतिरोध
Foregone conclusion—पूर्व निश्चित-निष्कर्ष

Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan

Foreign body–विजातीय
Foreign judgment–विदेशी निर्णय
Foresight–दूरदर्शिता
Forfeiture of bond–बन्धच्युति
Forfeit–अपहृत करना, राजसात् करना
Forgery–कूट लेख, कपट लेख
Forgive–क्षमा करना
Form–रूप, आदर्श पत्र
Forma pauperis–अकिंचन रूप
Formal–साधारण, सनियम
Formality–वाह्य उपकरण, उपचार
Forward–प्रवर्त्तित करना
Fracture–अस्थि-भंग
Fracture, compound–अस्थि-भंग, यौगिक
Fracture, simple–अस्थि-भंग, साधारण
Fraud–कपट, छल
Fraudulent transfer–सकपट हस्तान्तरण
Freehold–निःशुल्क भूम्यधिकार
Free will–इच्छास्वातंत्र्य
Frivolous–तुच्छ
From generation to generation–परंपरा गत
From sons to grand son–पुत्र से पौत्र को
Fruitless–निष्फल
Fugitive–पलायित, कांदिशीक
